Book Ad any category of
Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbhatat Times/ Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 12
Ghaziabad, Sunday, 20 August 2023

20 August to 26 August 2023

**Page:** 8

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198
**Email: editor@tbam.co.in**

Page 3


Page 5


Page 7


# गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** झूला झूल रहीं सखियां, आई हरियाली तीज, राधा संग में झूलें कान्हा झूमें सारा बृज। जी हां, सावन माह में तीज महोत्सव नजदीक आते ही आनंद और उमंग से पूरा वातावरण खिल जाता है। ऐसा ही कुछ दिखने को मिला वेब सिटी के यूके रेडिएंस बैंक्वेट हॉल में। मौका था गाजियाबाद भार्गव समाज समिति द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव का।

रविवार को आयोजित हरियाली तीज महोत्सव में एक ओर जहां सुहागिन महिलाएं झूला झूलते हुए तीज गीतों का आनंद ले रही थीं, वहीं दूसरी ओर बच्चे विभिन्न प्रकार के रोमांचक खेलों का आनंद ले रहे थे। उपस्थित सभी महिलाओं ने एक से बढ़कर एक डिजाइन की मेहंदी रचाई। तीज महोत्सव का संचालन श्रीमती वंदना भार्गव ने किया। .... शेष पृष्ठ दो पर



# गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव




















*पृष्ठ 1 का शेष....*

समिति के सचिव उमेश भार्गव और दिल्ली भार्गव सभा की अध्यक्ष श्रीमती नीरा भागर्व ने दीप जलाकर हरियाली तीज महोत्सव का शुभारंभ किया। शुभारंभ मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में अखिल भारतीय भार्गव समाज समिति की कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती नलिनी भार्गव, डॉ. धीरज कुमार भार्गव, श्री अमरनाथ भार्गव, श्री प्रभात मुकुल भार्गव, श्री आंचल भार्गव और श्री अतुल भार्गव, श्री अभिषेक भार्गव श्रीमती वंदना भार्गव भी उपस्थित थीं।

शुभारंभ के बाद वर्षा भार्गव ने खूबसूरत गणेश वंदना पेश किया। श्रीमती मनीषा और डॉ. धीरज भार्गव ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। दिल्ली भार्गव सभा की अध्यक्ष नीरा भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि यूं तो तीज का पर्व अपने पतियों की दीर्घायु के लिए मनाया जाता है लेकिन यह पर्व खुशियों और उमंगों का भी है।

गर्मी के बाद फुहारें आने पर सावन के गीत गाकर ठंडे मौसम का स्वागत किया जाता है। सभी की जिंदगी में खुशहाली आएं, इसकी कामना की जाती है। श्रीमती नीलिमा और अनिल भार्गव ने विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत किया।

श्री उमेश भार्गव और श्रीमती नलिनी भार्गव ने सभी को संबोधित करते हुए सभी को तीज महोत्सव की शुभकामनाएं दी। श्रीमती ज्ञान भार्गव ने हरियाली तीज महोत्सव की विशेषता के बारे में जानकारी दी। इसके बाद अभिषेक भार्गव ने शिवस्तुति प्रस्तुत की। गोविंदपुरम निवासी आरोही, शिखा भार्गव, अंजली भार्गव, वर्षा भार्गव, प्रद्न्या भार्गव ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

श्रीमती नीता भार्गव, श्रीमती नीलू भार्गव, दिवाकर भार्गव, श्रीमती ऋतु भार्गव, श्री मनीष भार्गव, श्रीमती रेणु भार्गव, श्री स्वतंत्र भार्गव, श्रीमती नेहा भार्गव, श्रीमती वंदना भार्गव, श्री अतुल भार्गव, श्रीमती अंजलि भार्गव, श्री प्रदीप भार्गव, श्री राहुल भार्गव वैशाली, श्रीमती शानू भार्गव, श्री अविरल भार्गव, श्रीमती शालिनी भार्गव, श्री राजीव भार्गव, श्रीमती नीति भार्गव, श्री संजय भार्गव, श्रीमती मेघना भार्गव,

***..शेष पृष्ठ 7 पर***

# श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस







**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर मेट्रो स्टेशन स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूरे स्कूल परिसर को फूलों, गुब्बारों और तिरंगों से सजाया गया। प्रिंसिपल श्रीमती उदया और वाइस प्रिंसिपल श्रीमती अलका शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बच्चों ने मार्च पास्ट पेश कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। सभी ने अनुशासित तरीके से राष्ट्र गान प्रस्तुत किया। इस मौके पर देशभक्ति से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। प्रिंसिपल श्रीमती उदया ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन हमारे वीरों को याद करने का है, जिनके बलिदानों से आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। हर एक के दिल में देशभक्ति की भावना होनी चाहिए।
देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम सब मिलकर भारत को प्रगति की राह पर ले जाएंगे। बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समारोह में देश भक्ति का रंग भर दिया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल अलका शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस में अपने कर्तव्य बोध भी कराता है। हमारे पूर्वजों ने बलिदान देकर भारत को आजाद कराया। करीब दो सौ सालों तक इस देश पर अंग्रेजों का राज रहा। हमने कई कुर्बानियां दी है। लेकिन अब हमारे ऊपर जिम्मेदारी है कि इस देश की खुशहाली के लिए काम करें।

उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में सभी को हाथ बंटाना होगा, तभी यह देश विकसित देशों की श्रेणी में आ सकता है। आजादी का इस पर्व पर हम सभी को देश के विकास का संकल्प लेना होगा।

## गाजियाबाद में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** उच्च शिक्षण संस्थाओं में भी 15 अगस्त को आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया गया। एमएमएच कॉलेज में प्राचार्य डॉ. पीयूष चौहान, एसडी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. अखिलेश मिश्रा, नंदग्राम स्थित मान्यवर कांशीराम कॉलेज में प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता ने ध्वजारोहण कराकर छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।
इसके अलावा एबीईएस कॉलेज में चेयरमैन नीरज गोयल ने ध्वजारोहण कराया। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में स्वतंत्रता दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।
इसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दिल्ली मेरठ हाईवे स्थित एचआरआईटी संस्थान में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। आईएमआर, आईएमआर कॉलेज में ध्वजारोहण के साथ छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।
उधर, आरटीओ कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरटीओ प्रमोद कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन राहुल श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर अधीनस्थों को निष्ठा और ईमानदारी से कर्तव्य पालन करने का पाठ पढ़ाया। वहीं, टीएचए के स्कूलों में भी स्वतंत्रता दिवस मनाने की धूम रही। सभी स्कूलों में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्र गान प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।



Admission Open for Session 2024-25 I Classes Pre- Nursery, Nursery, K.G. I & II
Under the aegis of Gurukul Education Society running Gurukul-The School NH-24, Ghaziabad with
Saviours Green School Award | BRITISH COUNCIL INTERNATIONAL SCHOOL AWARD 2015-2018 | International Exchange Programme With Germany USA Poland China UK Indonesia | Ranked amongst top 10 schools of Ghaziabad by Times of India, Hindustan Times, Education World for 2012, 2013, 2014 & 2015. | Outstanding Award by Tony Blair Faith Foundation, U.K. | Parakh Award for Best Infrastructure & Facility provided to students, parents & visitors
Plot No.EF - 7 & 8/E, Crossing Republik, Ghaziabad I Mob: 9599596098, 9205272091 I www.gurukultheschool.com

# Editorial

## Opposition unity is to be tested

The unity of opposition parties are to be tested in Kerala and West Bengal. Kerala has 20 Lok Sabha seats but the impact of its political impact is more penetrative. The State is witnessing the electoral contest either in Lok Sabha and in assembly poll by the CPM led LDF and the INC led UDF. The BJP never won any Lok Sabha seat from the State. Even Rahul Gandhi chose to contest from Wayanad in Kerala when he smelt in advance in 2019 that he would lose Amethi.

The cadres of these two alliances of the LDF and the UDF are diehard against each other. It will be extremely tough for the leadership of the two alliances to convince their cadres how to deal with each other. Similarly in West Bengal the Congress and the Communists were allies at Centre from 2004 to 2008 but in State politics they were at loggerheads. Mamata Banerjee took full advantage of this dichotomy and brought the real face of these two parties to public of being allies and opponents at the same time.

In 2011 assembly poll Mamata Banerjee party came to power by demolishing the Communists citadel. Even voters of West Bengal punished these two parties of INC and Communists and these two parties have no MLAs as of now. In 2021 assembly poll these two parties contested in alliance and drew blank. We all need to wait till final shape of I.N.D.I.A takes place. The unity has alrealy got a jolt in Delhi, where Congress announced that it will contest all 7 seats in Delhi.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Key points about PM Modi's speech on Independence Day



Prime Minister Narendra Modi addressed the nation from the Red Fort on the occasion of the 77th Independence Day. This was his 10th address from the historic Red Fort. PM Modi started his speech by paying homage to all those who contributed for the independence of the country and took part in the freedom struggle.

As he appealed for peace in Manipur, the PM said, "The country stands with the people of Manipur...Resolution can be found through peace only. The Centre and the State government are making all efforts to find a resolution." Shedding light on the unity in diversity in India, Modi said "We are so united that if there is a problem in Manipur, Maharashtra feels the pain."

Moving forward, the PM also shed light on the natural calamities that have caused devastation across the country this year. "This time, natural calamity has created unimaginable crises in several parts of the country. I express my sympathies to all families who faced this...."

The Prime Minister spoke about India's presence in world politics. As India is hosting the G20 Summit and several G20 events are being held across the country, he said that the world is now watching India's diversity and capabilities with great enthusiasm. He said that when he went to Bali for the G20 summit he found that leaders from other countries wanted to know the details of India's developments especially in the field of technology and digitalisation. "The world is looking at India in awe. The experts in the world are saying that now India is not going to back down," the PM added.

He thanked the people for having faith in his government and bringing them to power in 2014. "Reform, perform, transform is the motto of our government," added PM Modi, as he said that his government is thinking about development every second of the day and using every penny to make India a better country.

Speaking about Covid, the PM said that the world has started to think in a new way after the pandemic. A new geopolitical equation has risen after the pandemic just like it did after World War.

India took a front seat in supporting everyone across the globe and now the world has no "ifs and buts" when it comes to the growth and development of India. After Covid pandemic, holistic healthcare is the need of hour, Yoga, Ayush are being acknowledged globally.

## VK Singh lauds CM Yogi

TBC News

Ghaziabad: Union Minister of State for Road Transport, General VK Singh, while addressing the gathering at the launch of the book "UP @ Trillion Campaign: Uttar Pradesh Towards Strong Economy" at JNU Convention Center, added that the law and order situation in the state has improved remarkably, creating a conducive environment for investment and that a significant amount of investment has started coming to the state. "For the development of India, it is necessary for Uttar Pradesh to be economically strong. UP is the most populous state in the country. The condition of UP before Yogi Adityanath became the CM of the state is not hidden from anyone. The law and order situation was worse. Investors were moving out of state. UP was backward in terms of development and, therefore, was called a Bimaru State. After becoming the CM, Yogi Adityanath improved the law and order situation. whose positive results are now coming to the fore.

# Yogi govt plans to conserve groundwater

Lucknow: In its ongoing mission to conserve ground water, the Uttar Pradesh government led by Chief Minister Yogi Adityanath is working on constructing groundwater charging stations in 13 districts of the state at the cost of Rs 8 crore. The exercise is being carried out in view of the depleting ground water level due to over its exploitation in both rural and urban areas.

Groundwater charging stations to be built in 13 districts at the cost of Rs 8 crore. The 13 districts are: Hathras, Badaun, Moradabad, Sambhal, Prayagraj, Kaushambi, Fatehpur, Pratapgarh, Sonbhadra, Lalitpur, Jalaun, Hamirpur and Chitrakoot. An order has also been issued to release the provisioned funds in this regard.

As per the plan, Rs 70.5 lakh will be spent in Hathras, Rs 38 lakh in Badaun, Rs 28 lakh in Moradabad, Rs 72 lakh in Sambhal, Rs 80 lakh in Prayagraj, Rs 1.21 crore in Kaushambi, Rs 1.03 crore in Fatehpur, Rs 37.23 lakh in Pratapgarh, Rs 28 lakh in Sonbhadra, Rs 50 lakh in Jalaun, Rs 41 lakh in Lalitpur, Rs. 35.60 lakh in Hamirpur and Rs. 94.16 lakh in Chitrakoot to build the groundwater check dams.

Check Dams to be built under the supervision of Chief Engineer. Funds



The exercise is being carried out in view of the depleting ground water level due to over its exploitation in both rural and urban areas.

have been released and instructions have been issued by the Namami Gange and Rural Water Supply Department to the block in this regard.

The groundwater charging check dams will be built under the supervision of the Chief Engineer of the Minor Irrigation Department. The Chief Engineer will ensure the construction of the dam and oversee all related details.

Additionally, he will make sure that the allocated funds from the state government for the approved construction projects are not diverted. All necessary actions, including obtaining relevant certificates, purchasing machinery, equipment for construction, and other required procedures, will be carried out following the rules of the Uttar Pradesh Budget Manual and Financial Handbook.

The distribution of allocated funds to 13 districts for construction work will be done by the Minor Irrigation Department based on the project's plan. The plan is being seen as major development in water conservation.

# श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन






**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर मेट्रो स्टेशन स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में छात्रों को आगे के जीवन के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि गाजियाबाद जिला जेल के डिप्टी जेलर ब्रिजेश नारायण पांडेय थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल उदया और वाइस प्रिंसिपल अलका शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ब्रिजेश नारायण पांडेय ने छात्रों को जीवन में अनुशासन का पालन करने की सीख दी। इसके पश्चात छात्रों को उनकी उपाधियों के अनुसार बैज वितरित कर भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ नाट्य अभिनय और फैंसी ड्रेस में भाग लिया। इस मौके पर छात्रों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। स्कूल के मैनेजर ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

# गाजियाबाद में डेंगू का कहर जारी







**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** शहर में डेंगू का कहर थम नहीं रहा है। प्रत्येक दिन दस के करीब डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। गुरुवार तक डेंगू के 130 मामलों की पुष्टि हो चुकी थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत 11 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई थी।

अब तक गाजियाबाद में 130 डेंगू के मरीजों की पुष्टि हो चुकी है. हालांकि जिले में अब तक डेंगू से सिर्फ एक मरीज की मौत हुई है। जिला सर्विलांस अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता के मुताबिक, बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की 53 टीमों ने जिले के 41 इलाकों का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा 1603 घरों का सर्वे किया गया। जिसमें 35 घरों में डेंगू का लारवा मिला। इसमें से तीन लोगों को नोटिस भी जारी किया गया है। हर दिन 50 से अधिक क्षेत्रों में सर्वे कराया जा रहा है। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

राकेश कुमार गुप्ता के मुताबिक गाजियाबाद में बुधवार को डेंगू के कुल 11 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। जिसमें से पांच पुरुष जबकि 6 महिलाएं हैं। डेंगू के सबसे अधिक मामले लोनी में सामने आए हैं। यहां डेंगू के कुल चार मामलों की पुष्टि हुई है। जबकि वसुंधरा में दो, इंदिरापुरम में एक और मोहन नगर में एक मामला सामने आया है। अब तक जो डेंगू के मामले सामने आए हैं, उसमें से अधिकतर मरीज घर पर ही ठीक हो रहे हैं। अभी तक सरकारी अस्पताल में भर्ती हुए किसी भी मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ी है। वहीं, डेंगू से एक की मौत भी हो चुकी है। युवा उद्यमी आयुष गोयल की मात्र 22 साल की उम्र में मौत हो गई है।

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि डेंगू अभी शहर में फैला नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। जगह जगह फॉगिंग कराई जा रही है। इसके लिए निगम लगा हुआ है।



# 180 करोड़ से होगा शहर का विकास

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** नगर निगम में गुरुवार को अवस्थापना और 15वें वित्त आयोग के फंड के तहत कराए जाने वाले कार्यों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुनीता दयाल ने की। उन्होंने कहा कि शहर के विकास को पंख देने और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए 180 करोड़ रुपये खर्च करेगा, जिसमें अवस्थापना निधि से 30 करोड़ एवं 15वां वित्त के लगभग 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। महानगर की एयर क्वालिटी में सुधार तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट पर कार्य प्राथमिकता होगी।

मेयर ने कहा कि शहर के विकास के लिए लगातार शासन द्वारा अवस्थापना निधि एवं 15वां वित्त आयोग का पैसा नगर निगम को मिलता है जिससे शहर में बड़े बड़े कार्य किये जाते हैं। शहर की सड़के, जल निकासी नाला निर्माण, पेयजल आपूर्ति के लिए लाइन का कार्य, पम्प अधिष्ठापित, भवन निर्माण, सॉलिड वेस्ट के कार्य, एयर क्वालिटी पर कार्य, कूड़ा निस्तारण, वाहन क्रय, एवं अन्य कार्य किये जाते हैं। जिससे शहर में विकास होता है और शहर सुंदर बनता है।

निर्माण विभाग से सम्बंधित कार्य ये कार्य किए जाएंगे।

1. बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया में आईएमएस कॉलेज से रोड न. 4 बड़े नाले को आरसीसी में बदला जाएगा, इसके लिए 5 करोड़ 57 लाख खर्च होंगे।



2. साउथ साइट जी टी रोड औद्योगिक क्षेत्र में बालाजी ट्रेडर्स से कार्बन फैक्ट्री बड़े नाले तक आरसीसी नाला निर्माण लागत 1 करोड़ 12 लाख।

3. ब्रिज विहार साईं प्रयास मेडिकल से डी 349 व श्री दुर्गा मंदिर से बाल भर्ती स्कूल तक आर सी सी नाला निर्माण लागत 1 करोड़ 47 लाख।

4. शालीमार गार्डेन मेन 80 फूटा रोड पर प्लाट न 41 से 790 एव बीकानेर स्वीट तक अवशेष आर सी सी नाला निर्माण लागत 2 करोड़ 28 लाख।

5. नवयुग मार्केट में मुरैना गजक से अम्बेडकर पार्क एवं जी डी ए की पुलिया/एटलस साईकल तक व पुलिस चौकी से रेमांड्स शोरूम तक आर सी सी नाला निर्माण लागत 1 करोड़ 48 लाख।

6. रमतेराम रोड स्थित निगम मार्किट के जीर्णोद्धार का कार्य लागत 4 करोड़।

7. राजकीय आयुर्वेद/यूनानी चिकित्सालय का निर्माण लागत 60 लाख।

8. राज नगर एक्सटेंशन में प्रधानमंत्री आवास योजना में जल निकासी हेतु बरसाती नाला निर्माण लागत 5 करोड़ 39 लाख।

9. प्रताप विहार प्रधानमंत्री आवास योजना की जल निकासी हेतु नाला निर्माण लागत 58 लाख।

स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कार्य

1. कविनगर जोन, वसुंधरा जोन, सिटी जोन के अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का समस्त कार्य, लागत 7 करोड़ 62 लाख।

2. समस्त जोन में सेकेंडरी कूड़ा कलेक्शन का कार्य, लागत 48 करोड़ 53 लाख।

3. नगरीय क्षेत्र में मुख्य मार्गो की मशीनीकृत सफाई का कार्य, लागत 13 करोड़ 60 लाख।

4. नगरीय क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का कार्य, लागत 6 करोड़ 30 लाख।

5. उत्सर्जित ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन, प्रसंस्करण एवं निपटान का कार्य, लागत 23 करोड़ 4 लाख।

6. नगरीय क्षेत्र में संचालित सार्वजनिक शौचालय, सामुदायिक शौचालय एवं पिंक शौचालय की मशीनीकृत सफाई का कार्य, लागत 1 करोड़ 44 लाख।

7. नगरीय क्षेत्र में संचालित मूत्रालयों की मशीनीकृत सफाई का कार्य, लागत 96 लाख।

8. नगर क्षेत्र में 350 नए डोर टू डोर सीएनजी वाहनों के संचालन एवं देखेरख, लागत 5 करोड़ 25 लाख।

बैठक में नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन राजस्व रणविजय सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, जी एम जल आनंद त्रिपाठी, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, मुख्य अभियंता जी डी ए मानवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी रामराज, लेखाधिकारी गीता कुमारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह एवं अन्य लोग शामिल रहे।

## जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस






टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर देश में चल रहे 'आजादी का अमृत महोत्स्व' सप्ताह को घूमधाम से मनाया गया। मेरी माटी मेरा देश के तहत स्कूल में पौधारोपण किया गया। इसके अलावा

स्वच्छता अभियान, स्लोगन प्रतियोगिता आदि अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नन्हे -नन्हे बच्चों ने भी स्वतंत्रता दिवस पर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। स्वच्छता को लेकर कई कार्यक्रम पेश किए।

निदेशक डॉ. करुणा गौड़ ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर व शहीदों को नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ध्वजारोहण के बाद बच्चों के साथ राष्ट्र गान प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओ ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम पेश कर देशभक्ति का जज्बा भर दिया। नृत्य के साथ कल्पना चावला, डा एपीजे अब्दुल कलाम एवं मिल्खा सिंह के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया।

छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं ने मिशन स्वदेशी के तहत एकत्रित खाद्य सामग्री को एकत्र कर उसे स्लम एरिया एवं जरूरत मदों तक पहुंचाया। प्रिसिंपल अंजू गौड़ ने कहा कि

स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण ही हम खुले आसमान के नीचे सांस ले रहे हैं।

## इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में जी-20 युवा देवो भवः कार्यक्रम आयोजित




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** लिंक रोड स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में जी-20 युवा देवो भवः कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आकाशवाणी द्वारा युवा शक्ति देवो भवः के मूल मंत्र को संजोते हुए इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के अटल सभागार में यूथ कॉन्क्लेव और लोक संगीत का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका पद्मश्री डॉ. उषा बारले की लाइव प्रस्तुति रही। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की एक अनमोल झलक छत्तीसगढ़ का पंडवानी लोक नृत्य की बेहतर प्रस्तुति ने ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। महाभारत के प्रसंग की भावपूर्ण अभिव्यक्ति और कदम से कदम मिलाते कलाकारों की भाव रचना में लीन प्रस्तुति ने मन मोह लिया।

कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार, नोडल ऑफिसर प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी शर्मा, आकाशवाणी दिल्ली के हेड ऑफ प्रोग्राम मनोहर सिंह रावत और प्रमोद कुमार जी-20 कोऑर्डिनेटर आकाशवाणी द्वारा किया गया। इसके बाद वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने स्वागत संबोधन दिया। जी-20 के विषयों पर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा डिक्लेमेशन दिया गया। उन्होंने भारत, भारत की सांस्कृतिक विरासत, कला संस्कृति और जी-20 के विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को समेटे विभिन्न विषयों पर अपने वक्तव्य श्रोताओं को सुनाए।

कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें विभिन्न गानों के साथ देशभक्ति गीत भी शामिल थे। क्विज कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें जी-20 से ही संबंधित विभिन्न विषयों पर छात्रों से सवाल पूछे गए।

इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसके बाद पंडवानी गायिका पद्मश्री डॉ. उषा बारले एवं उनकी पार्टी द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन माला नेगी ने किया।

# गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव




























...पृष्ठ 2 का शेष

श्री आंचल भार्गव, श्रीमती ज्योति भार्गव, श्री आशीष भार्गव, श्रीमती मधु भार्गव, श्री अमरनाथ भार्गव, श्रीमती गायत्री भार्गव, श्री संजीव भार्गव, श्रीमती नीलिमा भार्गव व श्री अनिल भार्गव ने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। मधु भार्गव ने कविता पाठ किया। इसके बाद लकी डॉ, जो कि डॉ. धीरज भार्गव द्वारा प्रायोजित किया गया था, के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संजीव भार्गव, प्रदीप भार्गव, राजीव भार्गव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इसके बाद किचन आइटम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती मनीषा भार्गव ने प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की। राहुल भार्गव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसके बाद गायन का आयोजन किया गया, जिसमें शालिनी भार्गव, श्री अमरनाथ भार्गव, अरुणा आयुष भार्गव ने गीत प्रस्तुत किए। भार्गव समाज को लेकर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसके बाद राशि भार्गव, माही भार्गव, सात्विक भार्गव, ज्योति एस भार्गव, लक्षिता भार्गव ने नृत्य पेश किया। इसके बाद विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया। जिसके विजेताओं को श्री दिवाकर और श्रीमती नीलू भार्गव ने पुरस्कृत किया। महोत्सव में शामिल भार्गव समाज के लोगों ने तंबोला में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। तंबोला का आयोजन श्रीमती मनीषा, श्रीमती वंदना और श्रीमती मधु द्वारा किया गया।

हरियाली तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि श्रीमती नीरा भार्गव और विशिष्ठ अतिथि श्री उमेश भार्गव और श्रीमती नलिनी भार्गव की ओर से स्पेशल पुरस्कार दिया गया।

पुरस्कार पाने वालों में श्रीमती रेणु भार्गव, श्रीमती नीता भार्गव, श्रीमती ज्योति भार्गव व श्री आशीष भार्गव, श्रीमती शानू भार्गव व श्री अविरल भार्गव, श्रीमती नीलिमा भार्गव व श्री अनिल भार्गव, श्रीमती मेघना भार्गव व श्री आंचल भार्गव, श्रीमती वंदना भार्गव व श्री अतुल भार्गव, श्रीमती मधु भार्गव एवं श्री अमरनाथ भार्गव, श्रीमती मनीषा भार्गव व डॉ. धीरज कुमार भार्गव, श्रीमती नीलू भार्गव व श्री दिवाकर भार्गव, श्रीमती रितु भार्गव व श्री मनीष भार्गव, श्रीमती मधु भार्गव व श्री एमएन भार्गव, श्रीमती शालिनी भार्गव व श्री राजीव भार्गव, श्रीमती नीति भार्गव व श्री संजय भार्गव, श्रीमती गायत्री भार्गव व श्री संजय भार्गव, श्रीमती अंजलि भार्गव व श्री प्रदीप भार्गव शामिल है। डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने किया प्राइमरी स्कूल, खुर्रमपुर मुरादनगर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन








**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आरएचएएम फाउंडेशन और लायन आई हॉस्पिटल के सहयोग से प्राइमरी स्कूल, खुर्रमपुर मुरादनगर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि रोटेरियन रवि बाली ने नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में एजी रोटेरियन नरेश ढींगरा, एजी रोटेरियन संदीप मिगलानी उपस्थित थे। शिविर में स्कूली बच्चों के अलावा गांव से बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। लॉयन आई हॉस्पिटल के प्रशिक्षित डॉक्टरों और पैरामेडिकल टीम ने लोगों के नेत्रों का परीक्षण किया।

शिविर के आयोजन में रोटरी क्लब मोदीनगर के अध्यक्ष रोटेरियन आभास कंसल का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष व रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव, आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट के अध्यक्ष यतिंदर कालरा और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कोमल जैन भार्गव आदि उपस्थित थे।

# प्राइमरी स्कूल, खुर्रमपुर के बच्चों को दी पठन पाठन सामग्री





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आरएचएएम फाउंडेशन और लायन आई हॉस्पिटल के सहयोग से साक्षरता अभियान के तहत प्राइमरी स्कूल, खुर्रमपुर मुरादनगर में बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबड़, पेन सामग्री का वितरण किया। मुख्य अतिथि रोटेरियन रवि बाली ने बच्चों को पठन पाठन सामग्री वितरित की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में एजी रोटेरियन नरेश ढींगरा, एजी रोटेरियन संदीप मिगलानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अलावा शिक्षक भी उपस्थित थी। इस मौके पर आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष व रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव, आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट के अध्यक्ष यतिंदर कालरा और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कोमल जैन भार्गव आदि उपस्थित थे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement:** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax:** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.